## सार-समाचार

### कृषक दल भ्रमण के लिये रवाना

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) श्रीगंगानगर से आत्मा योजनान्तर्गत गुरुवार को 50 कृषकों का दल बीकानेर व लूणकरणसर भ्रमण के लिए आत्मा कार्यालय श्रीगंगानगर से रवाना हुआ। डॉ. सतीश कुमार शर्मा अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) एवं डॉ. विनोद सिंह गौतम उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) द्वारा हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण हेतु बस को रवाना किया गया।डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि दल में शामिल समस्त किसान लूणकरणसर में कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राहय परीक्षण केन्द्र, ऑलिव फार्म का भ्रमण करेंगे। साथ ही बीकानेर में स्वामी केश्वानंद राजस्थान एग्री युनिवर्सिटी, सेन्ट्रल इनस्टीट्यूट ऑफ एरिड होर्टिकल्चर, कृषि अनुसंधान केन्द्र, रीजनल सेन्टर काजरी एवं राजस्थान युनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साईस, राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान संस्थान आदि स्थानों का तीन दिन तक भ्रमण करेंगे। इस भ्रमण में कृषकों को उन्नत कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्यपालन व कृषि विपणन की विश्वस्तरीय तकनीक, कृषि उत्पाद, औजार, बीज आदि की वृहद प्रदर्शनी, फसल कटाई उपरांत नवाचार कार्यक्रम, जैविक खेती, संविदा खेती, फसल उत्पादन तकनीक, जल बचत, फार्म पौण्ड, डिग्गियों का निर्माण, अत्याधुनिक कृषि मशीनरी का प्रदर्शन, विशेषज्ञों से संवाद व नवीन जानकारियां उपलब्ध करवायी जायेगी। बस रवानगी के समय श्री प्रदीप शर्मा सहायक निदेशक उद्यान, श्री सुदेश कुमार उप परियोजना निदेशक (आत्मा), श्री अजय कुमार एवं श्री दीपक शर्मा सहायक कृषि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### सीए फाइनल मॉक टेस्ट सीरीज 30 से

**बीकानेर**, (निसं)। सीए फाईनल के मुख्य परीक्षा नवंबर में होने वाली को देखते हुए बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की ओर से सीए फाईनल द्वितीय सीरीज मॉक टेस्ट आईसीएआई भवन में 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होगी विद्याथिर्यों की वास्तविक परीक्षा की तैयारी को परखने व उसमें सुधार हेतु मार्गदर्शन के उद्देश्य से मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाता है यह उन शंकाओं का भी समाधान करता है जिनसे सामना विद्याथिर्यों को वास्तविक परीक्षा में करना पड़ता है ब्रांच सीकासा अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया ने बताया कि उक्त मॉक टेस्ट का पंजीकरण विद्यार्थी शाखा भवन में करवाकर होने वाली परीक्षा में भाग ले सकते हैं उन्होंने सभी विद्याथिर्यों से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी तैयारी का आकलन कर सकते हैं।

### हाथकरघा बुनकरों से आवेदन आमंत्रित

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। राज्य के हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में भी बुनकरों को नकद पुरस्कार देने का प्रावधान किया है।जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल ने बताया कि इसी क्रम में जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु जिले की सीमा में कार्यरत हाथकरघा बुनकरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए वे बुनकर पात्र हैं, जो हाथकरघा पर बुनाई कार्य में पिछले 3 वर्ष से कार्य कर रहे हैं तथा जिन्हें गत वर्षो से इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है। पात्र हाथकरघा बुनकर अपना आवेदन 7 अक्टूबर 2024 तक कार्यालय महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र श्रीगंगानगर में जमा करवा सकते हैं। आवेदन फार्म जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र श्रीगंगानगर से कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

### स्मारक भवन का किया अवलोकन

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने गुरूवार को सिविल लाइंस स्थित जगजीत सिंह स्मारक भवन का अवलोकन किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन रीना छींपा और नगर विकास न्यास अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलक्टर ने स्वर्गीय जगजीत सिंह स्मारक भवन के प्रथम व द्वितीय तल का अवलोकन किया। उन्होंने पूरे परिसर की नियमित साफ-सफाई रखने व पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से स्वर्गीय जगजीत सिंह स्मारक भवन का निर्माण किया गया है, उसी के अनुरूप बच्चों व नागरिकां को संगीत के साथ-साथ स्व. जगजीत सिंह के जीवन से जुडे पहलुओं के बारे में जानकारी मिलनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से स्वर्गीय जगजीत सिंह स्मारक भवन संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को संबंधित एजेंसी के माध्यम से जल्द पूर्ण करवाया जाए।

### विश्व पर्यटन दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**बीकानेर**, (निसं)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 'टूरिज्म एंड पीस' थीम के साथ शुक्रवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में बीकाजी की टेकरी पर प्रात: 8 बजे सघन साफ-सफाई अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रात: 10.30 बजे जूनागढ़ में पारंपरिक तरीके से पर्यटकों का स्वागत तथा फोक आर्टिस्ट द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए रोबीले, मश्क वादन तथा कच्छी घोड़ी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनके अलावा राजकीय गंगा म्यूजियम में शुक्रवार को पर्यटकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश रखा गया है।

### संग्रहालय में किया श्रमदान

**बीकानेर**, (निसं)। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत गंगा राजकीय संग्रहालय , पुरातत्व एवं संग्रहालय के कार्यालय और परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के कार्मिकों द्वारा कार्यालयों एवं संग्रहालय परिसर में सघन साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में बीकानेर वृत्त अधीक्षक महेन्द्र कुमार निम्हल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शंकर दत्त हर्ष, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनोहर सिंह, गंगा राजकीय संग्रहालय से परिरक्षक सुमन, राखी मोहता आदि द्वारा साफ-सफाई एवं श्रमदान किया गया।

# कर्मचारियों ने ओ.पी.एस. यथावत रखने की मांग की

**बीकानेर**, (निसं)। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के राष्ट्रीय आव्हान के तहत बीकानेर जिला मुख्यालय पर कर्मचारियों द्वारा बैनर तले पेंशन बचाओ मार्च निकालकर जिला कलेक्टर ,बीकानेर को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम के संभाग संयोजक महेंद्रपाल भंवरिया, जिला अध्यक्ष राजेश कड़ेला,आदूराम मेघवाल, आनन्द पारीक व ज्योति पूनिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने और देशभर में प्रस्तावित नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम को रद्द कर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया।




बीकानेर में कर्मचारियों ने ओपीएस बचाओ मार्च निकाला।

- **प्रस्तावित नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम को रद्द कर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग का ज्ञापन सौंपा**

आंदोलन के प्रदेशाध्यक्ष के.आर. सियाग ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा नई पेंशन योजना को अप्रूवल करने के बाद राजस्थान सरकार की ओर से को यथावत रखने को लेकर कोई स्टेटमेंट या स्टेंड सामने नहीं आने से राजस्थान का कर्मचारी भी आशंकित हो गया है उन्होंने बताया कि देशभर का कर्मचारी बुढ़ापे में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए किसी जोखिमपूर्ण या फंड पोषित योजना पर विश्वास नहीं करता उसे केवल पेंशन नियम 1996 के तहत सुपरिभाषित पुरानी पेंशन योजना पर ही भरोसा है और सरकार को भी कर्मचारी और राज्य के आर्थिक हित में ध्झ्ए को ही यथावत रखना चाहिए।कार्यक्रम संयोजक कर्मचारी नेता आदूराम मेघवाल ने बताया अभी राजस्थान में राज्य के आर्थिक हित के लिए ही फायदे मंद है, जैसी स्कीम अपनाने से राज्य के खजाने पर भारी आर्थिक बोझ आएगा।इसलिए सरकार और कर्मचारी दोनो के हित में ध्झ्ए ही यथावत रखनी चाहिए। ही कर्मचारी का स्वाभिमान और आत्मसम्मान है। प्रदेश सचिव महिपाल चौधरी ने कहा कि राजस्थान सरकार यथावत रखने की नीतिगत घोषणा करें अन्यथा राजस्थान में कर्मचारी बड़े आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेंगे। पेंशन मार्च में जिले भर के हजारों कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया जिसमें शिक्षक राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत), राजस्थान शिक्षक संघ (आंबेडकर), राजस्थान आंबेडकर शिक्षक संघ, राजस्थान प्राध्यापक शिक्षक संघ (रेसला), राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा), राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील), राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ,राजस्थान कंप्यूटर अनुदेशक संघ,राजस्थान नर्सेज संगठन, राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ, राजस्थान कर्मचारी महासंघ एकीकृत, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, राजस्थान पटवार संघ, राजस्थान कृषि स्नातक संघ, राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ,राजस्थान कंप्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी कर्मचारी संघ, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ आदि संगठनों ने भाग लिया।

## जेल में देखी व्यवस्थाएं

**बीकानेर**, (निसं)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने केन्द्रीय जेल की महिला विंग का निरीक्षण किया। उन्होने जेल स्टॉफ से रिकॉर्ड की जानकारी ली। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक ने बताया कि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को महिला बंदियों द्वारा तैयार किए गए हैंड बैग, टूरिस्ट बैग, बोतल कवर, सूट, सीनेरी आदि दिखाए गए।

# योग खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**नोखा**, (निसं)। 68वीं राज्य स्तरीय योग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ के सुअवसर पर सम्पूर्ण राजस्थान से 17 वर्ष छात्र व छात्रा की कुल 82 टीमें व 19वर्ष छात्र व छात्रा की 71टीमें भाग ले रही है जिसमें 1029 छात्र -छात्रा भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता संयोजक व प्रधानाचार्य जयदेव बिड्डू ने बताया कि कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय बीकानेर के गजानन्द सेवग, सीबीईओ माया बजाड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुनील बोड़ा, उपजिला शिक्षा अधिकारी स्पॉर्ट अनिल बोड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, राष्ट्रपति सम्मानित शारीरिक शिक्षक भगवानाराम डेलू, समाजसेवी शिवकरण डेलू, गणेश सोनी सींथल, अनिल जैन, जैन कालेज प्राचार्य अखिलेशानन्द पाठक, आयकर अधिकारी हनुमान प्रसाद, निदेशालय पर्यवेक्षक शक्ति प्रसन्न, निर्णायक मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश के आतिथ्य में राठी स्कूल मैदान में आदर्श विद्या मंदिर के घोष दल व एनसीसी कैडेट्स व 1029 योग खिलाड़ियों तथा दर्शकों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण व मार्च पास्ट के साथ प्रतियोगिता का उद्घाटन जयघोष व शंख नाद के साथ हुआ।

# पशु आहार वितरित किया



पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुपालकों को पशु आहार का वितरण किया।

**बीकानेर**, (निसं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना तहत बीकानेर के देवासर गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । केन्द्र द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवासर ढाणी परिसर में लगाए गए इस पशु स्वास्थ्य शिविर में कुल 101 पशुपालकों द्वारा लाए गए 421 पशुओं यथा- गाय 114, ऊँट 28, भैंस 27, भेड़ व बकरी 252, की स्वास्थ्य जांच, उपचार व दवाओं आदि का वितरण किया गया तथा उन्हें उचित परामर्श दिया गया । जहां इस शिविर में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रहीं।

केन्द्र निदेशक डॉ .आर.के.सावल ने इस दौरान कहा कि एनआरसीसी, भारत सरकार की इस एससीएसपी योजना का लाभ जरूरतमंद पशुपालकों तक पहुंचाने हेतु प्रगतिशील पशुपालकों को पशु मेलों, किसान गोष्ठियों, संवाद कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अद्यतन पशु प्रौद्योगिकी संबंधी जानकारी देना, पशुओं के उचित प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण देना, केन्द्र द्वारा विकसित उष्ट्र उत्पादों के विपणन एवं मूल्य संवर्धन से उन्हें जोड़ते हुए व्यावसायोन्मुख बनाना आदि हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने पशुपालकों को प्रेरित करते हुए बताया कि बदलते परिवेश में पशुपालन व्यवसाय वैज्ञानिक ढंग से किया जाए तो पशु के स्वास्थ्य संबंधी विकारों में कमी आएगी।

## आंदोलन की चेतावनी दी

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। गांव संगीता के किसानों ने विद्युत समस्याओं को लेकर जानकीदासवाला के जीएसएस पर विद्युत निगम के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत समस्या का जल्द समाधान नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी। ईमीचंद नंदीवाल ने बताया कि विद्युत निगम पिछले कई दिनों से किसानों को थ्री फेस बिजली आपूर्ति नहीं कर रहा है। जिसस खेतों में ट्यूबवैल पर लगी मोटरें जल रही हैं। वहीं खेतों में ङ्क्षसचाई नहीं होने के कारण फसलें नष्ट हो रही हैं। किसान कई बार विद्युत निगम से थ्री फेस विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

किसानों को 6 घंटे की जगह मात्र 2 घंटे लाइट मिल रही है। इसमें भी बार-बार कट लग रहे हैं। इसके चलते किसान अपनी मेहनत की उपज को आंखों के आगे नष्ट होते देखने पर मजबूर हैं। इस संबंध में जब किसान अपनी शिकायत दर्ज करवाते हैं तो निगम कर्मी केवल 33 केवी ऑफ होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। प्रदर्शन के दौरान निगम अधिकारियों ने किसानों से दूरभाष पर वार्ता की।

# प्लास्टिक पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने व नशा रोकने का दिया संदेश

**हनुमानगढ़**, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में गुरुवार को जिले में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता रैली निकाली गई। टाउन स्थित भारत माता चौक से सेंट्रल पार्क तक रैली में स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, स्वयंसेवक, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन कार्मिकों ने स्वच्छता के लिए कदम बढ़ाए। हाथों में स्वच्छता संदेश लिखे पोस्टर के

- **स्वच्छता संदेश लिखे पोस्टर के जरिए राहगीरों को जागरूक किया**
- **जिला कलेक्टर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

जरिए भी राहगीरों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने ने बैंड वादन के जरिए स्वच्छता की अलख जगाई।

सेंट्रल पार्क में जिला कलेक्टर काना राम ने सभी को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। यहां नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने कहा कि



हनुमानगढ में रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश ।

सामूहिक प्रयासों से शहर स्वच्छ और सुंदर दिखने लगा है। इस कार्य को निरंतर जारी रखना होगा, तभी स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारा जिला अग्रणी बनेगा। इस अवसर पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए प्लास्टिक पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने, नशा रोकने और स्वच्छता का संदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुनील छाबड़ा ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा एक अभियान है, जिसे नियमित रूप से चलाए। स्वच्छता को संस्कार और संस्कृति के रूप में अपनाएं। उन्होंने बताया कि उपखंड स्तर पर भी स्वच्छता रैलियों का आयोजन किया गया है। पखवाड़े में शुक्रवार को ऐतिहासिक, धाार्मिक स्थानों और पार्क इत्यादि में सफाई की जाएगी। अभियान में 2 अक्टूबर (स्वच्छ भारत मिशन दिवस) तक विभिन्न गतिविधियां होंगी। रैली में एसडीएम मांगीलाल, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव, जिला कोषाधिकारी कृष्ण कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवाल, राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक वैभव अरोड़ा, मंडी सचिव सी.एल. वर्मा, आबकारी निरीक्षक पवन शर्मा, पार्षद तरूण विजय, गुरदीप सिंह, शेर सिंह ढिल्लो सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन कार्मिक, विद्यार्थी, स्वच्छताकर्मी और आमजन शामिल हुए।

# तपस्वियों का अभिनंदन रथयात्रा निकली

**बीकानेर**, (निसं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर के सान्निध्य में गुरुवार को 36 दिन की अपस्या करने वाली श्रीमती अंतर देवी बोथरा व चिराग सुराणा व 11 दिन के तपस्वी ऋषभ सुराणा के तपाभिनंदन महा महोत्सव पर रथ यात्रा निकली। मुनि सत्व रत्न सागर के तपस्या के अनुमोदनार्थ नाहटा चौक के श्री शांतिनाथ जिनालय में श्री शांतिधारा अभिषेक किया गया। शुक्रवार को सुबह पौने सात बजे नाहटा चौक के श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय में श्री नमिऊण अभिषेक होगा।

सुजेष्ठा के सांसारिक वीर भ्राता विमल चंद सुराणा ने बताया कि तपस्वी अंतर देवी बोथरा व चिराग और ऋषभ सुनाणा दोनों भाई पुत्र सारिका व नवरतन सुराणा की शोभायात्रा मावा पट्टी से और रवाना होकर भगवान आदिनाथ चिंतामणि मंदिरए सुगन महाराज का उपासरा होत हुए ढढ्ढा चौक के प्रवचन पंडाल पहुंची। जहां तपस्वियों का अभिनंदन सुगन महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ मंत्री मनीष नाहटा, संतोष देवी नाहटा, पारख व किरण देवी बेगानी ने किया। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि नूतन मुनि सत्वरत्न सागर की तपस्या की अनुमोदना गुरुवार को नाहटा चौक के शांतिनाथ जिनालय में आचार्यश्री पीयूष सागर सूरीश्वरजी व मुनिवृंद ने स्वयं मंत्रोच्चारण करते हुए श्री शांतिधारा अभिषेक करवाया। शुक्रवार को नाहटा चौक के श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय में श्री नमिऊण अभिषेक शनिवार को आदिनाथ जिनालय में भक्तामर अभिषेक दोपहर को ढाई बजे रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में श्राविका मंडल की ओर से सांझी महोत्सव व रविवार को भगवान महावीर के मंदिर में विचक्षण महिला मंडल की ओर से पंच कल्याणक पूजा की जाएगी।

जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी ने धर्मचर्चा में प्रवचन में कहा कि जैनाचार्य के गुणों के अनुसार 36 दिन की तपस्या करना अनुमोदनीयए अनुकरणीय व जिनशासन की शोभा की श्रीवृद्धि करने वाला है। देवए गुरु व धर्म के आलम्बन व दृढ़ आत्म और संकल्पबल से कर्मों की निर्जरा करने के तपस्याएं की जाती है। बीकानेर के मुनि सम्यक रत्न सागर ने विषय का विस्तार करते हुए कहा कि आत्म शुद्धि के कषायों व इंद्रियों अ नियंत्रण करना चैलेंज व चुनौती भरा कार्य है। पराक्रम व पुरुषार्थ के उदय होने से तपस्या संभव है।

## सार-समाचार

### अभिलेख संग्रहालय में नि:शुल्क प्रवेश

**बीकानेर**, (निसं)। विश्व पर्यटन दिवस पर राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर के अभिलेख संग्रहालय में आने वाले सभी पर्यटकों के लिए निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। यह आदेश राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को संग्रहालयों की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह कदम पर्यटकों को संग्रहालयों में अधिक से अधिक लाने और उन्हें इतिहास, कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करने के लिए उठाया गया है। विश्व पर्यटन दिवस पर लोगों में संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्थलों के महत्व को समझने और उनके संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने में मदद करेगा।अभिलेखागार के निदेशक डॉ नितिन गोयल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अभिलेख संग्रहालय के प्रति लोगों की रुचि को बढ़ाना है एवं ऐतिहासिक दस्तावेज़ पर्यटकों को राज्य के गौरवशाली अतीत से जोड़े रखने में मदद करना है। विश्व पर्यटन दिवस पर यह निशुल्क प्रवेश पर्यटकों के लिए एक विशेष अवसर है कि वे राजस्थान के इतिहास और उसकी अभिलेख संग्रहालय में प्रदर्शित धरोहर को गहराई से जान सकें। पर्यटकों के लिए निशुल्कह अवलोकन हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अभिलेख संग्रहालय खुला रखा गया है। इस अवसर का लाभ उठाकर इतिहास प्रेमी अभिलेख् संग्रहालय का अवलोकन कर सकते हैं और इस विशेष दिन को यादगार बना सकते हैं।

### 85 फीट का होगा रावण

**बीकानेर**, (निसं)। अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व दशहरा शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मैदान व धरणीधर खेल मैदान में दशहरा महोत्सव के आयोजन होंगे। यहां रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। भव्य एवं कलात्मक आतिशबाजी होगी। दशहरा कमेटियों की ओर से दशहरे के दिन शहर में सचेतन झांकियां निकाली जाएगी। पुतलों के निर्माण सहित झांकियों को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है।बीकानेर दशहरा कमेटी की ओर से डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष सुनीत झांब के अनुसार पुतलों का निर्माण प्रारंभ हो गया है। झांकियों के लिए पात्र कलाकारों की ओर से पहने जाने वाले वस्त्र, अस्त्र-शस्त्र, आभूषण इत्यादि की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। झांब के अनुसार इस बार डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 85 फीट ऊंचाई के रावण को पुतले को बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं 70-70 फीट ऊंचाई के कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का निर्माण करवाया जाएगा। झांकियों के लिए कलाकारों का चयन 6 अक्टूबर को किया जाएगा। सुनीत झांब के अनुसार दशहरा महोत्सव को लेकर डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में पुतले आकार लेना प्रारंभ कर चुके है। उत्तर प्रदेश से आए कारीगरों की टीम पुतलों को बनाने में जुट गई है।महोत्सव में इस बार पुतलों के दहन के दौरान आकर्षक आतिशबाजी होगी। पुतलों के दहन के दौरान नयनाभिराम दृश्य दर्शकों को देखने का मिलेगा। रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों के साथ रावण की सोने की लंका भी तैयार होगी। स्टेडियम में चारो ओर भव्य आतिशबाजी के नजारे देखने को मिलेंगें।

### नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। नशा मुक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरूवार को डीएवी कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सेवानिवृत्ति नशा मुक्ति प्रभारी डॉ रविकांत गोयल तथा श्री बनवारी लाल शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पुनिया ने की। डॉ रविकांत गोयल ने बताया कि नशा व्यक्ति का सामाजिक व नैतिक पतन कर देता है। नशे करने वाले व्यक्तियों को नशा छोड़ने की प्रेरणा देनी चाहिए न कि उनका समाज से तिरस्कार करना चाहिए। उन्होंने विद्याथिर्यों को नशा न करने की भी शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने विद्याथिर्यों से कहा कि नशे से स्वयं दूर रहे तथा दूसरों को भी नशा न करने की प्रेरणा दे। कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर गोदारा, अंजली सिंह, डॉ. विजय सोनी, लेफ्टिनेंट सोहन लाल रोलन, डॉ. अनिल सिहाग तथा कार्यक्रम अधिकारी संजय शर्मा और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### ऐप से मिलेगी बीमारियों की जानकारी

**बीकानेर**, (निसं)।कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को प्रगतिशील कृषकों को आत्मा परिसर में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली ऐप से फसलों में कीट एवं बीमारियों की जानकारी व सलाह का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि किसानों को फसलों में लगने वाले कीटों एवं बीमारियों की पहचान एवं निगरानी करने तथा वैज्ञानिक सलाह की सुविधा ऐप के माध्यम से मिलेगी। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा लॉन्च 'राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली एप्लीकेशन' (एनपीएसएस) के लिए टीडी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, श्रीगंगानगर की टीम द्वारा वैज्ञानिक सहायक आर.के चौधरी, सुश्री वर्षा, लोकेश कुमार एवं डीसीएम रामपाल ने जिले के प्रत्येक ब्लॉक से आए प्रगतिशील कृषकों को प्रशिक्षण दिया। कृषि अधिकारी ओमप्रकाश तर्ड ने बताया कि जिन प्रगतिशील कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया है, वह ज्यादा से ज्यादा ऐप की जानकारी अपने क्षेत्र के सभी किसानों को देवें, जिससे इस प्रशिक्षण से तकनीकी जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण में कृषि अधिकारी ममता, संगीता मेहता एवं विभाग के सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

### माहेश्वरी सभा की बैठक 29 को

**नोखा**, (निसं)। बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा की बैठक व 'माहेश्वरी गौरव-2024' का आयोजन 29 सितम्बर 2024 को बीकानेर ज़िला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष ललित झँवर ने बताया कि माहेश्वरी सभा नोखा के आतिथ्य में बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा' की कार्यकारिणी व कार्यसमिति बैठक एवं नोखा तहसील स्तरीय शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह 'माहेश्वरी गौरव-2024' का आयोजन 29 सितम्बर 2024, रविवार को चाण्डक भवन, नोखा में रखा गया है। माहेश्वरी सभा नोखा के अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सुबह 10.30 बजे की जायेगी। इस कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के प्रादेशिक व राष्ट्रीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा के संगठन मंत्री डॉ. राधेश्याम लाहोटी ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ हाल ही में बीकानेर जिले के नवगठित संगठनों बीकानेर जिला माहेश्वरी प्रोफेशनल सेल, बीकानेर तहसील माहेश्वरी सभा, कोलायत तहसील माहेश्वरी सभा व नोखा तहसील माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया है।

### श्रीगंगानगर सैन्य स्टेशन का किया दौरा

**श्रीगंगानगर**, (निसं)। दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने श्रीगंगानगर सैन्य स्टेशन का दौरा किया और अमोघ डिवीजन की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की । इसके दौरान उन्हें फार्मेशन द्वारा शामिल विभिन्न ऑपरेशनल और टेक्नोलॉजी अवशोषण के बारे में जानकारी दी गई। आर्मी कमांडर ने डिवीजन के फॉरवर्ड एरिया का भी दौरा किया तथा मौजूदा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। यात्रा के दौरान उन्होंने बीएसएफ, श्रीगंगानगर के सेक्टर मुख्यालय के डीआइजी से मुलाकात की। आर्मी कमांडर ने अंतरसंचालनीयता, तालमेल और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के अवशोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी रैंकों को सतर्क रहने, युद्ध के लिए तैयार रहने, शारीरिक रूप से फिट रहने और तेजी से विकसित हो रहे खतरे के परिदृश्य पर हावी होने के लिए नवीन तकनीकों, रणनीति और प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### आवेदन 6 अक्टूबर तक

**बीकानेर**, (निसं)। राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) द्वारा आयोजित 'क्विज़-ए-थॉन 24(3)' कार्यक्रम में पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर है। संस्थान के उपनिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार) गगन भाटिया ने बताया कि पंजीकरण विंडो अब 6 अक्टूबर तक खुली रहेगी।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3920 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.09.2024
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 06 के किला नं. 02 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 70'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री जसप्रीत सिंह गिल पुत्र श्री गुरदेव सिंह गिल निवासी ए-01, कुंज विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 12230 दिनांक 02.10.2021 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री जसप्रीत सिंह गिल पुत्र श्री गुरदेव सिंह गिल निवासी ए-01, कुंज विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों जारी पटटे के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 06 के किला नं. 02 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 70'-0'' फीट का नियमन पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जायेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर